## समाचार

## श्री रामलला दर्शन योजना

# महापौर ने श्री रामलला दर्शन हेतु तीर्थ यात्रियों के दल को किया रवाना




कोरबा 20 अगस्त 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आज श्री रामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थ यात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए साकेत भवन से रवाना किया। उन्होने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई तथा तीर्थ यात्रियों को तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहना कर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का सु–अवसर प्राप्त हुआ हैं। ईश्वर उनकी यात्रा मंगलमय करें और वे रामलला के चरणों का दर्शन लाभ प्राप्त करें।

छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेश के नागरिकों को अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्री रामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराये जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम की यात्रा के लिये रवाना हुआ है। यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहॉ से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्याधाम पहुंच कर श्री रामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में आज प्रातः 08 बजे निगम की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, नरेन्द्र

देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी रामकुमार साहू, चेतन सिंह मैत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखा कर तीर्थ यात्रियों की बस को रवाना किया, उन्होने तीर्थ यात्रियों का पुष्पाहार से स्वागत किया एवं उन्हें अपनी हार्दिक बधाई व शुभकामनायें दी। इस अवसर पर तीर्थ यात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल, श्री अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, पार्षद रामकुमार साहू, चेतन सिंह मैत्री के साथ ही उपायुक्त पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ. राजेश राठौर, श्री रामलला दर्शन समिति के सदस्य प्रकाश अग्रवाल, पूर्व पार्षद दीपक यादव व सुशील गर्ग, अमित श्रीवास्तव, अरविंद सिंह, संजय कुमार भास्कर, विकास टंडन, संतोष यादव, दानेश्वर वैष्णव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।